HINDI

# All Judiciary Exam

Prabhakar Prasad Shukla

# एक क्लास: सन्धि खल्लास





# सन्धि-विच्छेद

'सन्धि' और 'विच्छेद' दोनों ही संस्कृत के शब्द हैं।
'सन्धि' का अर्थ है मिलना और 'विच्छेद' का अर्थ है बिछड़ना।

मिलने को संयोग भी कहते हैं किन्तु सन्धि और संयोग में अन्तर होता है। जैसे –
देव + आलय = देवालय (संधि)
देव + भूमि = देवभूमि (संयोग)

# एक क्लास : संधि खल्लास

उच्चारण की सुविधा हेतु पहले शब्द की अंतिम ध्वनि और दूसरे शब्द की पहली ध्वनि के मिलने से जो विकार उत्पन्न होता है उसे संधि कहते हैं।

लिपिबद्ध

ध्वनि → वर्ण → शब्द → वाक्य → अनुच्छेद → पाठ, निबन्ध, पुस्तक, ग्रन्थ।

इस तरह ध्वनि भाषा की मूल इकाई और वर्ण व्याकरण की मूल इकाई कहे जा सकते हैं।

# संधि के भेद

वर्णों के उच्चारण के आधार पर संधि के तीन भेद हैं-

1. स्वर संधि अर्थात् स्वरों का आपस का मेल
2. व्यंजन संधि अर्थात् व्यंजन से स्वर या व्यंजन का मेल
3. विसर्ग संधि अर्थात् विसर्ग से स्वर या व्यंजन का मेल

# एक क्लास : संधि खल्लास

## 1. स्वर संधि –

स्वरों का आपस का मेल पाँच प्रकार से होता है। इस आधार पर स्वर संधि के पाँच भेद होते हैं -

**(क) दीर्घ संधि –** सजातीय/समान/सवर्ण मूल स्वरों का आपस का मेल दीर्घ स्वर बनता है। जैसे –

राम + अयन = रामायण
कपि + ईश = कपीश
गुरु + उपदेश = गुरूपदेश

# एक क्लास : संधि खल्लास

(ख) गुण संधि – अ/आ के बाद इ/ई आने पर ए, उ/ऊ आने पर ओ और ऋ आने पर अर् हो जाता है।

सुर + इन्द्र = सुरेन्द्र
महा + उत्सव = महोत्सव
देव + ऋषि = देवर्षि

अ/आ + इ/ई = ए

अ/आ + उ/ऊ = ओ

अ/आ + ऋ = अर्

# एक क्लास : संधि खल्लास

(ग) **वृद्धि संधि** – अ/आ के बाद ए/ऐ आने पर ऐ और ओ/औ आने पर औ हो जाता है।

जैसे –

नव + ऐश्वर्य = नवैश्वर्य

महा + ओजस्वी = महौजस्वी

अ/आ + ए/ऐ = ऐ

अ/आ + ओ/औ = औ

एक + एक = एकैक

# एक क्लास : संधि खल्लास

(घ) यण् संधि – इ/ई के बाद कोई भिन्न स्वर आने पर इ/ई को य् में, उ/ऊ के बाद कोई भिन्न स्वर आने पर उ/ऊ को व् में और ऋ के बाद भिन्न स्वर आने पर ऋ को र् में बदलते हैं।

जैसे –

अति + अन्त = अत्यन्त
सु + आगत = स्वागत
पितृ + आदेश = पित्रादेश

# एक क्लास : संधि खल्लास

(ङ) अयादि संधि –

ए के बाद कोई भिन्न स्वर आने पर ए को अय् में,
ऐ के बाद कोई भिन्न स्वर आने पर ऐ को आय् में,
ओ के बाद कोई भिन्न स्वर आने पर ओ को अव् में तथा
औ के बाद कोई भिन्न स्वर हो तो औ को आव् में बदलते हैं।

जैसे –

ने + अन = नयन
नै + अक = नायक
पो + अन = पवन
पौ + अक = पावक

Imp
अय आदि
आय
अव
आव
नै + अक
न आय अक
नायक
ने + अन
नयन
न ए अन
ने अय अन


Rapid Linking Batch
for DJS Mains
May 4,2022
1 Month
PPS32
Linking
Apoorva Purohit
Tansukh Paliwal
Shivani Solanki
Unnati Srivastva
Surya Prakash
Anoop Upadhyay
Archna Sukhija
Raghvendra Pratap Singh
Use Code : PPS32 For 10% off
For More Information 7737746465

All State Judiciary & Law Exams

# OUR RUNNING BATCH

| | |
|---|---|
| **Rapid Linking Batch for RJS Mains** | Starts from 04 May 2022 |
| **APO Linking Batch** | Started from 20 April 2022 |
| **Linking Regular Batch 2.0** | Started from 13 April 2022 |

**Use Code LINKING and get 10% off** | For More Information 7737746465


unacademy
SPECIAL CLASS FEATURES
Interactive Live Classes
Attend Live Class, participate in Live Chat and get your doubts cleared - all during the class.
Polls for Learners
Respond to polls for a better understanding of a topic.
Raise A Hand
Plus Subscribers can Talk with educators in Live Classes and get the doubts resolve in real time.
Never Miss a Class
Get notified for lessons, upcoming courses and recommendations curated for you.
Lecture Notes
Download lecture notes and get access to recorded sessions of Live Classes. Revisit important topics whenver you need.
Anytime/ Anywhere
Watch our Live Classes anytime from anywhere from any of your device.

**Personal Guidance**
Get one on one guidance from top exam experts

**Study Planner**
Customized study plan with bi-weekly reviews

# ICONIC

# PLUS

Live Classes

Weekly Tests

Structured Courses


Unlimited Access

**Test Analysis**
Get one on one guidance from top exam experts

**Experts' Guidelines**
Study booster workshops by exam experts

# Unacademy Subscription

## Plus Subscription




PPS 32

Linking

LINKING

## Iconic Subscription



# BUGS BOUNTY

Opportunity for all Learners to report any inappropriate content in the video

Be the first one to report a particular issue to claim your prize

**Report any inappropriate content using the form in the description**



# एक क्लास : संधि खल्लास


## 2. व्यंजन सन्धि –

1. किसी वर्ग के पहले वर्ण के बाद कोई घोष वर्ण हो तो पहला वर्ण अपने ही वर्ग के तीसरे वर्ण में बदल जाता है।

जैसे –

सदुपदेश = सत् + उपदेश
षड्दर्शन = षट् + दर्शन
दिगम्बर = दिक् + अम्बर
उदय = उत् + अय

# एक क्लास : संधि खल्लास



2. किसी वर्ग के पहला वर्ण के बाद न् या म् आने पर पहले वर्ण के स्थान पर उसी वर्ग का पाँचवाँ वर्ण हो जाता है।

जैसे –

तन्मय = तत् + मय
उन्नति = उत् + नति
उन्मत्त = उत् + मत्त
षण्मुख = षट् + मुख

# एक क्लास : संधि खल्लास

3. त्/द् के बाद च्/छ् हो तो त्/द् के स्थान पर च्,
त्/द् के बाद ज्/झ् हो तो त्/द् के स्थान पर ज्,
त्/द् के बाद ट्/ठ् हो तो त्/द् के स्थान पर ट्,
त्/द् के बाद ड्/ढ् हो तो त्/द् के स्थान पर ड्,
त्/द् के बाद ल् हो तो त्/द् के स्थान पर ल् हो जाता है।
जैसे –

उत् + चारण = उच्चारण
उत् + डयन = उड्डयन
उत् + लास = उल्लास

# एक क्लास : संधि खल्लास

4. त्/द् के बाद श् हो तो त्/द् को च् में और श् को छ् में, त्/द् के बाद के ह् हो तो त्/द् को द् और ह् को ध् में बदलते हैं।

जैसे –

उत् + शिष्ट = उच्छिष्ट

उत् + हार = उद्धार

5. किसी स्वर के पश्चात् छ् हो तो दोनों के बीच च् का आगम होता है।

जैसे –

स्व + छन्द = स्वच्छन्द
अनु + छेद = अनुच्छेद

# एक क्लास : संधि खल्लास

6. म् के बाद कोई भी स्पर्श व्यंजन हो तो म् को उसी वर्ग के पंचम् वर्ण अथवा अनुस्वार में बदलते हैं।

जैसे –

सम् + कल्प = संकल्प/सङ्कल्प
सम् + पूर्ण = संपूर्ण/सम्पूर्ण

# एक क्लास : संधि खल्लास

7. म् के बाद अन्तस्थ या ऊष्म व्यंजन आने पर म् को अनुस्वार में बदलते हैं।

जैसे –

सम् + योग = संयोग
सम् + हार = संहार
सम् + वाद = संवाद

# एक क्लास : संधि खल्लास

8. ऋ, र्, ष् के बाद न् आने पर न को ण् में बदलते हैं।

जैसे –

ऋ + न = ऋण
परि + नाम = परिणाम
कृष् + न = कृष्ण

# एक क्लास : संधि खल्लास

9. इ या उ स्वर के बाद स् आने पर स् को ष् में बदलते हैं।

जैसे –

अभिषेक = अभि + सेक
सुषुप्ति = सु + सुप्ति
निषेध = नि + सेध

10. र् के बाद र् आने पर पहले र् का लोप होगा और उससे पूर्व ह्रस्व स्वर दीर्घ हो जाएगा।

जैसे –

निर् + रव = नीरव
निर् + रोग = नीरोग
निर् + रस = नीरस

## 3. विसर्ग सन्धि –

विसर्ग के पश्चात् स्वर या व्यंजन के मेल से विसर्ग सन्धि होती है।

1. विसर्ग + च्/छ् = विसर्ग को श्,
   विसर्ग + ट्/ठ् = विसर्ग को ष्,
   विसर्ग + त्/थ् = विसर्ग को स्
   जैसे –
   नि: + चय = निश्चय
   धनु: + टंकार = धनुष्टंकार
   नि: + तार = निस्तार

# एक क्लास : संधि खल्लास

2. अ + विसर्ग + क्/ख्/प्/फ् = विसर्ग नहीं हटेगा।
   इ/उ + विसर्ग + क्/ख्/प्/फ् = विसर्ग को ष् में बदलेंगे।

   जैसे –

   प्रात: + काल = प्रात: काल
   मन: + गत = मनोगत
   नि: + पाप = निष्पाप
   दु: + कर = दुष्कर

# एक क्लास : संधि खल्लास

4. अ या आ से भिन्न स्वर + विसर्ग + श, ष, स = अपरिवर्तनशील या विसर्ग के बाद वाला वर्ण

नि: + शुल्क = नि:शुल्क / निश्शुल्क

दु: + साहस = दु:साहस / दुस्साहस

# एक क्लास : संधि खल्लास

5. (i) अ, आ + विसर्ग + कोई स्वर या किसी वर्ग का तीसरा, चौथा या पाँचवा वर्ण = विसर्ग के स्थान पर ओ

अधः + गति = अधोगति

सरः + ज = सरोज

(ii) अ, आ + विसर्ग + अन्तस्थ (य, र, ल, व) = विसर्ग के स्थान पर ओ

मनः + योग = मनोयोग

मनः + रम = मनोरम

# एक क्लास : संधि खल्लास

6. (i) अ या आ से भिन्न स्वर + विसर्ग+ कोई स्वर या किसी वर्ग का तीसरा, चौथा या पाँचवा वर्ण = विसर्ग के स्थान पर र्

नि: + गुण = निर्गुण

नि: + जन = निर्जन

(ii) अ या आ से भिन्न स्वर + विसर्ग + अन्तस्थ (य, र, ल, व) = विसर्ग के स्थान पर र्

नि: + यात = निर्यात

नि: + लेप = निर्लेप

# एक क्लास : संधि खल्लास

7. अ + विसर्ग + अ = पहला अ और विसर्ग का ओकार हो जाता है और दूसरे अ के स्थान पर लुप्ताकार (S) का

प्रथमः + अध्याय = प्रथमोऽध्यायः


Thank You!
+ SUBSCRIBE
LIKE
& SHARE
PDF
Download Now !